प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 20.07.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा न्यायालय परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया, सम्बन्धित को न्यायालय सुरक्षा के सम्बन्ध में दिये आवश्यक दिशा-निर्देश।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा आज दिनांक 20.07.2022 को न्यायालय परिसर महोबा का औचक निरीक्षण क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय व क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु हर्षिता गंगवार की मौजूदगी में किया गया, इस दौरान न्यायालय की सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी रजिस्टर को चेक किया गया व मौके पर सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी तस्दीक की गयी, साथ ही सम्पूर्ण न्यायालय परिसर में भ्रमण कर सुरक्षा इंतजामों को देखा गया जहां सीसीटीवी कण्ट्रोल रुम में सीसीटीवी कैमरों की पोजीशन को चेक किया गया तत्पश्चात मुख्य गेटों पर लगे डीएफएमडी यानी डोर फ्रेम मेटर डिटेक्टर व अन्य अत्याधुनिक उपकरणों को चेक किया गया तथा संदिग्धों की लगातार चेकिंग करने, अनावश्यक रुप से किसी को प्रवेश न देने, न्यायालय परिसर के अन्दर व्यक्तियों को इकट्ठा होकर जमावडा न बनाने देने, किसी भी रुप में अनावश्यक वाहनों को प्रवेश न दिये जाने, प्रत्येक व्यक्ति को नियमानुसार चेकिंग के उपरान्त ही प्रवेश दिया जाये इत्यादि आवश्यक निर्देश प्रभारी न्यायालय सुरक्षा निरीक्षक श्री साजिद अली को दिये।

पुलिस अधीक्षक द्वारा न्यायालय परिसर में अवस्थित लॉकअप को चेक किया गया जहां का0 मुहर्रिर से वार्ता कर बन्दियों की सुरक्षा में लगे पुलिस बल को मुल्जिम पेशी के दौरान विशेष सतर्क रहने के निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा न्यायालय परिसर की सुरक्षा में लगे पीएसी बल को भी चेक किया गया तथा सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक निर्देश दिये गये।









## क्षेत्राधिकारी नगर की अध्यक्षता में व्यापार बन्धुओं के साथ की गयी गोष्ठी-

आज दिनाँक 20.07.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर क्षेत्राधिकारी नगर की अध्यक्षता तथा प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली महोबा की उपस्थिति में थाना कोतवाली महोबा अन्तर्गत चौकी भटीपुरा में जनपद के सम्मानित व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्राधिकारी नगर व प्र0नि0 कोतवाली महोबा द्वारा व्यापारियों के साथ बैठक में व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था एवं जनपदीय यातायात व्यवस्था आदि को लेकर चर्चा की गयी।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर व प्र0नि0 थाना कोतवाली महोबा द्वारा सभी व्यापारी बन्धुओं की समस्याओं को भी सुना गया एवम निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया, इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर ने कहा कि जनपद में हुई विभिन्न लूटपाट की घटनाओं में शत-प्रतिशत रिकवरी की गई है तथा अपराधियों का जेल भेजा गया है, उन्होंने व्यापारी बंधुओं से अपील की कि व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवं घरों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का प्रयास किया जाए इससे अपराध रोकने एवं उसका खुलासा करने में आसानी होती है, गोष्ठी में व्यापारियो को निडर होकर व्यापार करने का आश्वासन दिया गया, गोष्ठी में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

इस अवसर पर चौकी प्रभारी भटीपुरा उ0नि0 उपेन्द्र प्रताप सिंह सहित थाना कोतवाली महोबा क्षेत्र के सम्मानित व्यापारी बन्धु मौजूद रहे।





# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 20.07.2022

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली महोबा पुलिस टीम ने 02 किलो 700 ग्राम अवैध गांजा के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तार अभियान के अनुपालन जनपदीय पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ की तस्करी व उसमें लिप्त तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज दिनांक 20.07.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली महोबा प्र0नि0 श्री बलराम सिंह द्वारा गठित की गयी उ0नि0 सनय कुमार मय हमराह कां0 अरविन्द कुमार पाल, कां0 नीतेश कुमार कुशवाहा व कां0 देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग संदिग्ध वाहन/व्यक्ति के दौरान प्राथमिक विद्यालय कीरत सागर को जाने वाले रास्ते के पास से अभियुक्त रोहित रैकवार पुत्र रामअवतार उम्र 24 वर्ष को पुलिस हिरासत में लिया जिसके कब्जे से 02 किलो 700 ग्राम हरा गाँजा नाजायज की बरामदगी की गयी बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना हाजा पर मु0अ0सं0 292/22 धारा 8/20 **NDPS Act.**का अभियोग पंजीकृत किया गया तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त व बरामदगी विवरण:-

रोहित रैकवार पुत्र रामअवतार उम्र 24 वर्ष निवासी रामनगर थाना कोतवाली नगर जिला महोबा के कब्जे से 02 किलो 700 ग्राम हरा गाँजा नाजायज बरामद ।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 सनय कुमार प्रभारी चौकी बजरिया थाना कोतवाली नगर जिला महोबा
2. कां0 अरविन्द कुमार पाल 3. कां0 नीतेश कुमार कुशवाहा 4. कां0 देवेन्द्र यादव



# महोबा पुलिस



## पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व में शांति एंव कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा।




आज दिनांक **20.07.2022** को पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह द्वारा शहर क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों एंव सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस बल के साथ पैदल गस्त कर अवैध अतिक्रमण को हटाने के संबंध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये तथा अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु की गयी अपील। जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रो में संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त करते हुए स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

यातायात नियमों के उल्लंघन पर **117** ई-चालान किये गये।






